தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका



फरवरी 2024

## राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

### पदाधिकारीगण 2023–2024

**अध्यक्ष**
मोहनलाल एन. बजाज

**मनोनीत अध्यक्ष**
प्रवीण कुमार टाटिया

**उपाध्यक्ष**
नरेन्द्र श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया
ज्ञानचंद आंचलिया
विजय गोयल

**महामंत्री**
देवराज आच्छा

**सहमंत्री**
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद कोठारी
जगदीश प्रसाद पोरवाल

**कोषाध्यक्ष**
गौतमचंद डागा

**सह-कोषाध्यक्ष**
अशोक कुमार लखोटिया


# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 55 | अंक : 2 | फरवरी 2024

**संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
राजकुमार एच. कोठारी

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल



प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

**जहाँ-जहाँ यह चिह्न है उन पर आप क्लिक कर के वह वीडियो देख-सुन सकते हैं**



# राम नाम जप ले!

**राम नाम जप ले बंदे, राम नाम जप ले।**
**राम ही बेड़ा पार करेंगे, राम नाम जप ले।।**

जब इस भजन की पंक्तियाँ, जो वास्तव में प्रेरणादायक हैं और मानव-मन को भक्ति की ओर ले जाती हैं, सुनता हूँ तो सोचता हूँ कि क्या वास्तव में मात्र राम-नाप जपने से जीवन सार्थक हो जाता है।

**मनुष्य अभी तक यही समझ नहीं पाया कि आखिर उसे मनुष्य-योनि में क्यों अवतरित किया गया है।**


राम नाम जपना अर्थात् मन में शुभ विचारों को धारण करना, मानव-सेवा की भावना को बसाना और सबसे महत्त्वपूर्ण मानवीय कर्म करते हुए अन्य मानवों के आदर्श बनकर उन्हें भी इस मार्ग की ओर प्रेरित करना। मेरे विचार में राम नाम की यही परिभाषा है, यही मंतव्य रहा होगा इन भावपूर्ण, आदर्शमय पंक्तियों की रचना के पीछे।

मनुष्य अभी तक यही समझ नहीं पाया है कि आखिर उसे मनुष्य-योनि में क्यों अवतरित किया गया है। अज्ञानता में वह मानव जीवन को अपनी दृष्टि से नहीं, दूसरों की दृष्टि से देखना-परखना शुरू कर देता है। वह समाज द्वारा या यूँ कहें कि सर्वप्रथम अपने जन्मदाता द्वारा सांसारिक बंधनों में जकड़ दिया जाता है।

जीवन के बारे में या अपने बारे में सोचने-समझने का अवसर ही उससे छीन लिया जाता है और उसे एक


बैल की तरह संसार में जोत दिया जाता है। बनी-बनाई लीक पर बैल की तरह चलना वह प्रारम्भ कर देता है। वही, फिर उसका जीवन बन जाता है, प्रारब्ध बन जाता है। ईश्वर ने उसमें बुद्धि, विवेक नाम के दो अस्त्र भी दिए हैं जिनके उपयोग से सांसारिक बेड़ियों को तोड़ सकता है, अपने प्रारब्ध की धारा बदल सकता है। 'भाग्य में यही लिखा है' - शायद यह वाक्य निराशावादियों, अकर्मण्यवादियों ने रचा है। भाग्य मन की शक्ति है, कर्म का हथौड़ा है। इस शक्ति और कर्म से सबकुछ बदला जा सकता है।

'राम नाम जप ले' से अर्थ यह भी हो सकता है कि अपनी इंद्रियों को वश में कर लें और अपने कर्त्तव्य तथा कर्म से जीवन की राह को अलोकित करें।



## बस उसी को जीना आता है...

आदित्य मोदी 'सोनू' की यह वायरल कविता जो हमें सकारात्मक सोच के साथ जीने की प्रेरणा देती है। सुनिए..



# चार राजस्थानी विभूतियाँ रजत द्वारा 'राजस्थान श्री' से अलंकृत




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा रविवार, 21 जनवरी 2024 को शाम 6.30 बजे चेन्नई के म्यूजिक अकादमी के प्रांगण में एक विशेष समारोह आयोजित हुआ जिसमें सामाजिक सेवा, साहित्य और व्यवसाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को 'राजस्थान श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह की शुरुआत गीत-संगीत की प्रस्तुति से हुई। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि डॉ. नरेन्द्रकुमार ए. बल्डोटा (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - इंटलेक्ट डिज़ाइन अरेना लिमिटेड, संस्थापक अध्यक्ष एवं सीईओ - पोलारिस कंसल्टिंग एंड सर्विसेज लिमिटेड) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रार्थना की गई।

अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि, पूर्व अध्यक्षों, विशेष आमंत्रितों का स्वागत किया। उन्होंने 'राजस्थान श्री' पुरस्कार विजेताओं को भी बधाई दी और विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लिए उनके

प्रयासों की सराहना की।

महासचिव श्री देवराज आच्छा ने अपनी सचिवीय रिपोर्ट में एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी बड़े पर्दे पर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से दी। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का परिचय ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति द्वारा दिया गया। अवार्ड समिति के चेयरमेन 'राजस्थान रत्न' श्री के. सुभाषचंद रांका ने पुसरस्कार विजेताओं के चयन के बारे में जानकारी दी।

'राजस्थान श्री' पुरस्कार प्रशस्ति-पत्र सहित चार राजस्थानियों को प्रदान किए गए -

1. श्री गौरीशंकर राठी को पेशा व समाज सेवा के क्षेत्र में;

2. श्री मंगलचंद तातेड़ को समाज सेवा के क्षेत्र में;

3. श्री एम. रिखबचंद बोहरा को समाज सेवा के क्षेत्र में एवं

4. डॉ. दिलीप धींग को साहित्य के क्षेत्र में।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को शॉल, माला, साफ़ा व विशेष स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चयन समिति सह-संयोजक श्री चंद्रप्रकाश मालपानी, निर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रवीर कुमार टाटिया, कोषाध्यक्ष श्री गौतमचंद डागा, सह-कोषाध्यक्ष श्री अशोक लखोटिया तथा पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित थे।

संयुक्त-सचिव श्री अजय नाहर ने सजावट एवं सह-सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति में सहयोग दिया। धन्यवाद ज्ञापन चयनित अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार टाटिया द्वारा दिया गया।

समारोह का संचालन श्रीमती प्रिया करनानी ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में सर्वश्री विनोद जैन, शांतिलाल कांकरिया, इन्दरचंद छाजेड़, दिलीप बोहरा, गौतमचंद नाहर आदि का सहयोग सराहनीय रहा। □

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा
# राममय हुई साहुकारपेट की नगरी




अयोध्या धाम में 22 जनवरी 2024 को होने वाले प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर भव्य भक्ति संध्या का आयोजन राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 'एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम' 17 जनवरी 2024, बुधवार को सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक साहुकारपेट के कोतवालचावडी क्षेत्र में स्थित श्री कन्यका परमेश्वरी कॉलेज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सह-सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने रजत की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राजस्थान के लोकप्रिय भजन सम्राट श्री प्रकाश माली एण्ड पार्टी बालोतरा के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना, गुरु भक्ति एवं अनेक भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसका हजारों की तादाद में भक्तों ने आनद लिया।

मालीजी ने मेरी झोपड़ी के भाग खुल जायेंगे, वो महाराणा प्रताप कटे, राम सियाराम जय जय राम, ये देश है वीर जवानों का, घर-घर में गूंजे जय जय राजस्थान, धरती धोरा री जैसे भजनों व गीतों के माध्यम से ऐसा माहौल बनाया की सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

पूरे कार्यक्रम को मात्रभूमि यू-ट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया जिसको 17,000 से भी अधिक लोगों ने देखा। ☐

# महावीर राजस्थानी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा
# गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न




महावीर राजस्थानी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा 75वाँ गणतंत्र दिवस विद्यालय के परिसर में 26 जनवरी 2024 को सुबह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि 'राजस्थान श्री' श्री गौरीशंकर राठी ने विद्यालय के पदाधिकारीगण तथा उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्ति के साथ तिरंगा लहरा कर सलामी ली।



# राष्ट्र निर्माता मतदाता की सोच विकसित करना अत्यावश्यक



चेन्नई स्थित दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के उच्च शिक्षा और शोध संस्थान व राजस्थान पत्रिका के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मतदान की महत्ता और अनिवार्यता का प्रतिपादन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु (रजत) के अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज थे। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी भी व्यक्ति को पाँच साल तक सत्ता में ला सकते हैं। ऐसे में उनकी सोच को विकसित करना जरूरी है। श्री बजाज ने लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने रजत के विभिन्न गतिविधियों से अवगत भी कराया।

प्रभारी कुलसचिव प्रो मंजुनाथ एन. अंबिग ने उपस्थित विद्यार्थियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई और प्रेरणा दी की मुख्य धारा से जोड़ते हुए मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान की आवश्यकता पर छात्राओं ने भाषण, गीत व कविता से अपनी बात कही। □

# नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर




भारतीय जैन संगठन (बीजेएस), चेन्नई तथा राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु (रजत) द्वारा 11-12 जनवरी 2024 को चेन्नई के मैलापुर क्षेत्र में स्थित ट्रिनिटी एक्यूट केयर हॉस्पिटल में 'नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर' का आयोजन किया। अमेरिका के प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. लैरी विंस्टीन द्वारा मशहूर प्लास्टिक सर्जन स्वर्गीय डॉ. शरद कुमार दीक्षित की स्मृति में आयोजित किया गया।

राज्य प्रमुख प्लास्टिक सर्जरी एवं शिविर प्रभारी श्री अजय नाहर ने बताया कि कटे होंठ, तालू अटक जाना, तालू में कप बन जाना, जीभ फंस जाना, नाक की विकृति, चेहरे, जबड़े, कान एवं सिर की जन्मजात विकृति से पीड़ित सभी लोगों की नि:शुल्क सर्जरी की गई। □



# रजत समाचार व सूचनाएँ

□ 24 मार्च 2024 को प्रातः रजत का समर्पण समारोह अग्रवाल सभा भवन में आयोजित होगा।

□ 31 मार्च 2024 को प्रातः रजत के निर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रवीण टाटिया का पद स्थापना समारोह अग्रवाल सभा भवन में आयोजित होगा।

□ राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर 18 फरवरी 2024 को कांचीपुरम में राजस्थानी एसोसिएशन कांचीपुरम के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर में 85 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

# डॉ. दिलीप धींग को श्रुत सेवा सम्मान



चेन्नई के टी.नगर क्षेत्र में स्थित शासुन जैन महिला महाविद्यालय में जैन विद्या विभाग के शोध-प्रमुख, राजस्थान श्री उपाधि से अलंकृत डॉ. दिलीप धींग को श्रुतसेवा निधि न्यास द्वारा 4 फरवरी 2024 को फिरोजाबाद (उ.प्र.) में 'साहित्य वारिधि' की मानद उपाधि के साथ शांतिदेवी गुप्त श्रुतसेवा अलंकरण से सम्मानित किया गया।

न्यास के 18वें वार्षिक समारोह 'अक्षराभिषकोत्सव' में उन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान जैन विद्या, प्राकृत भाषा, साहित्य व अहिंसा के क्षेत्र में उनके सतत, सुदीर्घ व उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। □

# रजत की छठी कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित सदस्य

## नए आजीवन सदस्य

**श्री प्रसन्नचंद खारीवाल**, पुराना 99/100, नया 251, जे.एन. रोड, पेरियकुप्पम, तिरुवल्लूर - 602001. मो: 8148196800

**श्री रामलाल सुथार**, श्री अंबिका प्लाइवुड, 7/26, वादियार कंदप्पा स्वामी पिलै स्ट्रीट, चूलै, चेन्नई - 600112. मो : 9840179537

**श्री विवेक लखोटिया**, 11, मेयर चिट्टी बाबू स्ट्रीट, चेटपेट, चेन्नई - 600031. मो : 9840064146

**श्री रमेश चौधरी**, 88/24, मंदवेली स्ट्रीट, मंदवेली, चेन्नई - 600028. मो : 9840191023

**श्री इंद्रजीत सेठिया**, एस.के. टॉवर, शॉप नं. बी 7, दूसरा माला, 3/2, बद्री गार्डन स्ट्रीट, साहुकारपेट, चेन्नई - 600003. मो : 9443237458

## विशेष आम सभा

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की विशेष आम सभा 25 मार्च 2024 को शाम 4.00 बजे रजत के कार्यालय में संपन्न होगी।

# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर



**9 जनवरी 2024**

**क्रोमपेट** - 36 लोगों की आँखों की जाँच, 32 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**21 जनवरी 2024**

**पल्लावरम** - 189 लोगों की आँखों की जाँच, 149 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**22 जनवरी 2024**

**कोरूक्कपेट** - 350 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

**24 जनवरी 2024**

**चेंगलपेट** - 90 लोगों की आँखों की जाँच, 48 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 2 फरवरी 2024

**नंगनल्लूर** - 71 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

**पोरूर** - 104 लोगों की आँखों की जाँच, 82 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**पट्टालम** - 355 लोगों की आँखों की जाँच, 355 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 4 फरवरी 2024

**पुरुषवाक्कम** - 73 लोगों की आँखों की जाँच, 60 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**तांबरम** - 65 लोगों की आँखों की जाँच, 25 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

---

# कैंसर इंस्टीट्यूट में भोजन कराया



महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन लेडीज सेन्टर द्वारा 30 जनवरी 2024 को राजस्थानी धर्मशाला, अड्यार कैंसर इंस्टीट्यूट में करीब 100 कैंसर से पीड़ि मरीजों व उनके परिचारकों को दोपहर का भोजन कराया गया। चेयरपर्सन श्रीमती ललिता सबदडा, सचिव श्रीमती शीतल पिपाडा, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता भंडारी, श्रीमती रानी कुकडा आदि ने अन्नदान में सेवाएँ प्रदान की। □

# ‘प्रेम पूर्णिमा’ कवि सम्मेलन संपन्न




मासिक साहित्य ई-पत्रिका ‘पुष्पांजलि’ द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रेम व श्रृंगार के गीतों-कविताओं का कवि सम्मेलन ‘प्रेम पूर्णिमा’ रविवार, 11 फरवरी 2024 की शाम डी.जी. वैष्णव कॉलेज के सभागार में किया गया।

इस कवि सम्मेलन के लिए देश के लोकप्रिय गीतकार डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. राजीव राज एवं श्री चंदन राय ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। □

---

# शिशु संस्कार बोध परीक्षा आयोजित




7 जनवरी 2024 को तेरापंथ सभा के अंतर्गत ज्ञानशाला प्रकोष्ट के द्वारा निर्देशित शिशु संस्कार बोध 1 से 5 परीक्षा का आयोजन स्थानीय तेरापंथ भवन में किया गया। परीक्षा बच्चों की ज्ञान चेतना को जागृत करता है। □

# ‘रस बरसे’ में रस भरे गीतों की बारिश

चेन्नई की साहित्यिक संस्था ‘अनुभूति’ द्वारा साहित्यि संगीत कार्यक्रम ‘रस बरसे’ स्थानीय डी.जी. वैष्णव कॉलेज के साभागार में 7 जनवरी 2024 को प्रस्तुत किया गया।

चेन्नई के विख्यात गायक कलाकार प्रमोद नायर एवम् स्मृति बैनर्जी ने अपने संगीत वृंद के साथ दर्शकों के समक्ष विभिन्न साहित्यिक रसों पर आधारित फिल्मी गीत प्रस्तुत किए और दर्शकों की वाह-वाही लूटी।

इस कार्यक्रम में ‘अनुभूति’ का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीमती अरूणा मुणोथ, श्री राधेश्याम मूँधड़ा, श्री गौतम डी. जैन इत्यादि सदस्यों ने भी अपने स्वरों से विभिन्न गीतों को पेश कर दर्शकों के आनंद में वृद्धि की। कोरस में श्रीमती रेखा राय तथा श्रीमती उषा टिबरेवाल ने साथ दिया।

साहित्य के रसों में से कुछ चुनिंदा रस जैसे भक्ति, हास्य, करूण, वीर, श्रृंगार, अद्‌भुत आदि पर चित्रपट संगीत के एक से बढ़कर एक मधुर तराने प्रस्तुत किए गए। □



# कपड़े की थैली - मेरी सहेली




महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन द्वारा 'कपड़े की थैली - मेरी सहेली' जागरूकता अभियान के अंतर्गत 11 फरवरी 2024 को होटल अशोका में कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया।

चेयरमैन श्री दिलखुशराज धोका ने कपड़े की थैली का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। गवर्निंग काउंसिल सदस्य श्री ज्ञानचंद कोठारी ने बताया कि प्लास्टिक थैलियों से प्रदूषण फैलता है, इसलिए हमेशा कपड़े की थैली का उपयोग करें।

सचिव श्री रमेश नाहट ने संस्था की गतिविधियों के बारे में बताया। रीजन 10 के मीडिया के डिप्टी डायरेक्टर श्री महावीर सबदडा ने सदस्यों को अपना सहयोग व समय देकर प्लास्टिक को बंद करने का आग्रह किया। □



# मुक्ति इन्कलुसीव स्पोर्ट्स मीट




मुक्ति एम.एस. ढड्ढा फाउंडेशन द्वारा 10 फरवरी 2024 को ए.एम.जैन कॉलेज के मैदान में दिव्यांगों के बीच कई तरह की खेलकूद प्रतियोगिताएँ संपन्न की। तमिलनाडु के विभिन्न क्षेत्रों से इस प्रतियोगता में खिलाड़ियों ने भाग लिया।

श्री महेन्द्र ढड्ढा ने स्वागत भाषण से कार्यक्रम शुरू किया। श्री जे. राधाकृष्णन, कोरपोरेशन कमिश्नर ग्रेटर चेन्नई तथा भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कैप्टन श्री कृष्णमाचारी श्रीकांत सम्मिलित हुए।

श्रीमती मीठा ढड्ढा ने बताया कि मुक्ति अभी तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नि:शुल्क 4 लाख से भी ज्यादा कृत्रिम अंग वितरण कर चुकी है।

श्री राधाकृष्णन ने तमिलनाडु सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए की जा रही योजना पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति पा चुके 4 दिव्यांगों का बहुमान किया गया और उनके खर्च की जिम्मेदारी मुक्ति द्वारा ली गई।

समापन समारोह में श्री राजू वेंकटरमन मेडाल लाइफ के संयोजक एवं दक्षिण अभिनेता श्री श्रीकांत ने शिरकत ली। ☐

# राजस्थान पत्रिका चेन्नई के स्थापना दिवस पर
# नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित




राजस्थान पत्रिका चेन्नई के 20वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो व राजस्थान पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में 31 जनवरी 2024 को महावीर आई केयर सेंटर, पट्टालम में नि:शुल्क नेत्र जाँच व बी.पी./शुगर जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 148 लोगों की आँखों की जाँच की गई जिनमें 16 लोगों की आँखों मो मोतियाबिंदु पाया गया। इनका नि:शुल्क ऑपरेशन अग्रवाल आई हास्पीटल में करवाया जाएगा। 91 लोगों को चश्मा बनाकर दिया जाएगा। 102 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच भी की गई।

राजस्थान पत्रिका के वरिष्ठ संवाददाता श्री संतोष तिवारी इस आयोजन में पधारे। उन्होंने सभी को पत्रिका के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज चेन्नई पत्रिका का 20वाँ स्थापना दिवस है। पत्रिका में सभी खबरें सटीक होती हैं जिसे पूरे भारत में लोग बड़े चाव से पढ़ते हैं। □

# मदुरै तेरापंथ महिला मंडल द्वारा
# सास-बहू कार्यशाला संपन्न



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल मदुरै द्वारा 'सास बहू' कार्यशाला का आयोजन स्थानीय तेरापंथ भवन में किया गया जिसमें सास-बहू के बारे में अपने भाव व्यक्त किए।

सास भी कभी बहू थी और बहू भी कभी न कभी सास बनेगी। समय के साथ सास बहू की सोच बदली है। इस रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए एक-दूसरे को समझना होगा। दोनों के जुड़ाव से परिवार में खुशहाली आती है, क्योंकि घर परिवार दोनों की डोर होती है सास बहू। बहू की गलती पर डांटना भी चाहिए और उसके अच्छे कामों की प्रशंसा भी करनी चाहिए। इससे दोनों का रिश्ता और मजबूत बनता है।

सास बहू की जोड़ियों ने विषय पर चर्चा परिचर्चा कर अपने विचार व्यक्त किए। □




# पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ

# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**देवराज आच्छा**
महामंत्री - रजत
94442 65162